No. of Printed Pages : 20 **OSS-101**

14261

# Bachelor's Preparatory Programme (B.P.P.)
# (For Non 10+2)
# Term-End Examination
# December, 2016

## OSS-101 : Preparatory Course in Social Sciences

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

# स्नातक प्रारंभिक कार्यक्रम (बी.पी.पी.)
# (बिना 10+2)
# सत्रांत परीक्षा
# दिसम्बर, 2016

## ओ.एस.एस.-101 : सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*सामान्य निर्देश :*

**सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम (ओ.एस.एस.-101)　　　　प्रश्न 1 – 50**

*(i)* *यह एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्र है । प्रश्नों के सही विकल्प केवल OMR शीट में लिखिए ।*

*(ii)* *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **50** प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है ।*

*(iv)* *प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प हैं, जिनमें से एक सही है । ओ.एम.आर. शीट में निर्देशानुसार सही विकल्प/उत्तर का क्रमांक संगत प्रश्न संख्या के नीचे लिखें और फिर उसी क्रमांक के आयत पर उसी कॉलम में चिह्न लगाएँ । अगर आप पाएँ कि कोई भी विकल्प सही नहीं है तो 0 लिखें और कॉलम 0 में चिह्न लगाएँ ।*

*(v)* *पूरे प्रश्न-पत्र को पढ़ने में समय बर्बाद मत कीजिए । एक के बाद एक प्रश्न को करते जाइए । यदि बाद में समय रहे, तो बचे हुए प्रश्नों को दुबारा देखा जा सकता है ।*

1. विज्ञान का आधार है

(1) प्रेक्षण

(2) मापन

(3) प्रयोग

(4) उपर्युक्त सभी

2. एन.एस.एस.ओ. किस पर आधारित आँकड़े प्रदान करता है ?

(1) कृषि, उपभोग एवं व्यय, उद्योग एवं श्रम

(2) राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी

(3) मुद्रा एवं वित्त पर आधारित रिपोर्ट

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. इतिहास में तारीख को किन दो तरीकों (शब्दों) से अभिव्यक्त किया जाता है ?

(1) बी.सी. और ए.डी.

(2) ए.डी. और ए.सी.

(3) बी.सी. और बी.डी.

(4) डी.सी. और ए.डी.

4. मानवजाति का इतिहास, किन तीन चरणों से क्रमबद्ध तरीके से गुज़रा है ?

(1) शिकार करना-भोजन एकत्र करना, औद्योगिक एवं कृषीय

(2) कृषीय, औद्योगिक एवं शिकार करना-भोजन एकत्र करना

(3) शिकार करना-भोजन एकत्र करना, कृषीय एवं औद्योगिक

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. आधुनिक विश्व में धन-वैभव (समृद्धि) के सूचक क्या हैं ?

(1) भोजन की काफ़ी बेहतर उपलब्धता

(2) मृत्यु-दर में गिरावट

(3) औपचारिक साक्षरता और मध्य वर्ग के आकार में बढ़ोतरी

(4) उपर्युक्त सभी

6. प्रथम विश्व युद्ध किस दौरान लड़ा गया ?

(1) 1915 – 1918

(2) 1912 – 1915

(3) 1914 – 1918

(4) 1945 – 1948

7. गुप्त वंश के प्रवर्तक कौन थे ?

(1) चंद्रगुप्त I

(2) चंद्रगुप्त मौर्य

(3) चंद्रगुप्त II

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. प्रारंभिक मध्यकालीन युग (7वीं – 12वीं शताब्दी) में राज्य एवं समाज को इतिहासकार क्या मानते थे ?

(1) लोकतांत्रिक

(2) समाजवादी

(3) सामंती

(4) साम्यवादी

9. किन्हें अकसर कावेरी डेल्टा के सामंत कहा जाता है ?

(1) चेर

(2) चोल

(3) पांड्या

(4) उपर्युक्त सभी

10. 'ब्रह्मदेय' (Brahmadeya) से आशय है

(1) क्षत्रियों को प्रदत्त भू-अनुदान

(2) ब्राह्मणों को प्रदत्त भू-अनुदान

(3) शूद्रों को प्रदत्त भू-अनुदान

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. भक्ति विचारधारा को आधार (टेक) की प्राप्ति का समय है

(1) 3वीं – 6वीं शताब्दी

(2) 6वीं – 8वीं शताब्दी

(3) 8वीं – 13वीं शताब्दी

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. 'उर' किनके गाँव में बुजुर्गों का जमावड़ा है ?

(1) ब्राह्मण गाँव

(2) ग़ैर-ब्राह्मण गाँव

(3) (1) और (2) दोनों

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** 'सत्याग्रह' का दर्शनशास्त्र, किसके सिद्धांत पर आधारित है ?

(1) सत्य एवं अहिंसा

(2) सत्य एवं हिंसा

(3) अहिंसा

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** जलियाँवाला बाग की घटना कब हुई ?

(1) 13 अप्रैल, 1919

(2) 13 अप्रैल, 1917

(3) 14 अप्रैल, 1918

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** वस्तुओं एवं सेवाओं के मुक्त व्यापार पर आधारित अर्थव्यवस्था है

(1) बाज़ार अर्थव्यवस्था

(2) जीवन-निर्वाह अर्थव्यवस्था

(3) संक्रमण अर्थव्यवस्था

(4) कृषीय अर्थव्यवस्था

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी औद्योगिक समाज की विशेषता है ?

(1) नई मशीनों का आविष्कार

(2) फैक्टरी व्यवस्था

(3) परिवहन एवं संचार में विकास

(4) उपर्युक्त सभी

**17.** काँग्रेस ने किस सत्र में 'पूर्ण स्वराज' की घोषणा की ?

(1) गया सत्र

(2) पुणे सत्र

(3) लाहौर सत्र

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** अखिल भारतीय किसान सभा के पहले अध्यक्ष कौन थे ?

(1) स्वामी सहजानंद सरस्वती

(2) जय प्रकाश नारायण

(3) आचार्य नरेन्द्र देव

(4) राम मनोहर लोहिया

**19.** किस अनुच्छेद का सरोकार समानता के अधिकार से है ?

(1) अनुच्छेद 14 (2) अनुच्छेद 16

(3) अनुच्छेद 46 (4) (1) और (2) दोनों

**20.** भारतीय संविधान के किन अध्यायों का सरोकार मूलभूत अधिकारों और निदेशक सिद्धांतों से है ?

(1) अध्याय II और III

(2) अध्याय II और IV

(3) अध्याय I और IV

(4) अध्याय III और IV

**21.** राज्य सभा के पदेन अध्यक्ष कौन हैं ?

(1) राष्ट्रपति

(2) उप-राष्ट्रपति

(3) लोक सभा अध्यक्ष

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** लोक सभा का कार्यकाल है

(1) छह वर्ष

(2) तीन वर्ष

(3) पाँच वर्ष

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे ?

(1) लॉर्ड वारेन हेस्टिंग्ज़

(2) लॉर्ड मैकॉले

(3) लॉर्ड डलहौज़ी

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** 'संस्कृतीकरण' की संकल्पना किसकी देन है ?

(1) एफ.जी. बेले

(2) योगेन्द्र सिंह

(3) एम.एन. श्रीनिवास

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** बहुपत्नी-प्रथा से आशय है

(1) महिला का एक से अधिक पुरुषों से विवाह करना

(2) पुरुष का एक से अधिक महिलाओं से विवाह करना

(3) एक पुरुष का एक ही महिला से विवाह करना

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** 'पतिस्थानिक रिहाइश' से आशय है

(1) नव विवाहित महिला का अपने पति के घर में बसना

(2) नव विवाहित पुरुष का अपनी पत्नी के घर में बसना

(3) (1) और (2) दोनों

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** भारत के संविधान के 73वें संशोधन का सरोकार किससे है ?

(1) त्रि-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(2) द्वि-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(3) एकल-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** वस्तुकरण ने किसानों को बनाया है

(1) धनी

(2) स्वाग्रही

(3) निर्धन

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** प्राथमिक क्षेत्र से आशय है

(1) भूमि या पशु केंद्रित सभी गतिविधियाँ

(2) फैक्टरी-आधारित गतिविधियाँ

(3) सेवा क्षेत्र

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** प्रति व्यक्ति आय से आशय है

(1) देश की कुल राष्ट्रीय आय जो इसकी कुल आबादी से विभाजित हो

(2) देश की कुल आबादी जो इसकी कुल राष्ट्रीय आय से विभाजित हो

(3) (1) और (2) दोनों

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31.** प्रथम पंचवर्षीय योजना में किस पर बल दिया गया था ?

(1) उद्योग

(2) कृषि

(3) सेवा क्षेत्र

(4) उपर्युक्त सभी

**32.** भारत में पंचवर्षीय योजना के आरंभ होने का वर्ष है

(1) 1947 (2) 1950

(3) 1951 (4) 1956

**33.** चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान निम्नलिखित में से किस पर बल दिया गया था ?

(1) भारी उद्योग

(2) निर्धनता उन्मूलन

(3) सिंचाई

(4) निर्यात

**34.** निम्नलिखित में से जल प्रदूषण किसका परिणाम है ?

(1) फैक्ट्रीयों, रिफाइनरियों और घरों से निकले बहिःस्रावों का

(2) मिट्टी में विद्यमान संदूषक

(3) हवा में विद्यमान संदूषक

(4) उपर्युक्त सभी

**35.** ओज़ोन अवक्षय, किसका परिणाम है ?

(1) कार्बन-डाइऑक्साइड ($CO_2$)

(2) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन (CFC)

(3) ऑक्सीजन ($O_2$)

(4) उपर्युक्त सभी

**36.** पौधाघर (ग्रीन हाउस) से आशय है

(1) काँच का कमरा जिसमें सूर्य की रोशनी और ऊष्मा को बंद करके, कमरे को निरंतर गर्म रखा जाता है

(2) लकड़ी का कमरा जिसमें सूर्य की रोशनी और ऊष्मा को बंद करके, कमरे को निरंतर गर्म रखा जाता है

(3) धातु का कमरा जिसमें सूर्य की रोशनी और ऊष्मा को बंद करके, कमरे को निरंतर गर्म रखा जाता है

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** नव आर्थिक नीति, 1991 ने किस पर बल दिया ?

(1) आर्थिक उदारीकरण

(2) आर्थिक नियंत्रण

(3) विदेश व्यापार पर प्रतिबंध

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** पारिस्थितिक तंत्र से आशय है

(1) क्षेत्र में विद्यमान सभी सजीव और निर्जीव मूल-तत्त्वों का समूह

(2) सजीव मूल-तत्त्व

(3) निर्जीव मूल-तत्त्व

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** "निर्धनता की संस्कृति" संकल्पना के प्रतिपादक कौन हैं ?

(1) कार्ल मार्क्स

(2) ऑस्कर लेविस

(3) एमिल दुर्खिम

(4) मैक्स वेबर

**40.** मैक्स वेबर ने वर्ग की संकल्पना को किस नज़रिए से व्यक्त किया ?

(1) आर्थिक

(2) संपत्ति

(3) जीवन में मिलने वाली सुविधाएँ

(4) राजनीतिक संबंधन

**41.** कार्ल मार्क्स ने पूँजीपति समाज में किन दो वर्गों की पहचान की ?

(1) बुर्जुआ एवं श्रमिक वर्ग

(2) उच्च वर्ग एवं निम्न वर्ग

(3) मध्य वर्ग एवं नव मध्य वर्ग

(4) धनी एवं नव धनी

**42.** सुविधावंचितों को लाभ पहुँचाने वाली नीतियाँ हैं

(1) अधिमानात्मक नीतियाँ

(2) भेदमूलक नीतियाँ

(3) संदर्भगत नीतियाँ

(4) तार्किक नीतियाँ

43. आसियान (ASEAN) का अर्थ है

(1) दक्षिण एशियाई राष्ट्र संघ

(2) दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ

(3) पूर्व अफ्रीकी राष्ट्र संघ

(4) दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राष्ट्र संघ

44. निम्नलिखित देश के समूहों में से कौन-सा यूरोपीय संघ का हिस्सा है ?

(1) बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड

(2) बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, तुर्की

(3) तुर्की, नीदरलैंड, पोलैंड, बेल्जियम

(4) नीदरलैंड, पोलैंड, जर्मनी, इटली, नॉर्वे

45. डब्ल्यू.टी.ओ. का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(1) जेनेवा (2) फ्रांस

(3) न्यू यॉर्क (4) ऑस्ट्रेलिया

46. *वंदे मातरम्* के रचयिता हैं

(1) बंकिम चंद्र चटर्जी

(2) रबिन्द्रनाथ टैगोर

(3) एम.के. गाँधी

(4) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

47. निम्नलिखित में से कौन-से मातृवंशीय है ?

(1) नागा (2) मिज़ो

(3) खासी (4) वर्ली

48. लॉर्ड मैकाले के योगदान का क्षेत्र था

(1) राजनीति (2) धर्म

(3) अर्थव्यवस्था (4) शिक्षा

49. भारत में लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती है

(1) साम्प्रदायिकता

(2) धर्मनिरपेक्षता

(3) उपभोग पैटर्न

(4) शैक्षिक सेवाएँ

50. राजनीति विज्ञान किसका अध्ययन है ?

(1) विभिन्न राजनीतिक संस्थान

(2) विचारधाराएँ एवं व्यवस्थाएँ

(3) लोकतंत्र एवं मानव अधिकार

(4) उपर्युक्त सभी